हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 अगस्त 2026

राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

06 सीएमएचओ कार्यालय परिसर में किया गया...



08 श्रीराम मंदिर से निकाली कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए, जगह-जगह...



समाचार संक्षेप

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को शहर में भ्रमण करेंगे भोलेनाथ

गुना। लक्ष्मी नारायण मंदिर जय स्तंभ चौराहा पर बाबा भोलेनाथ की पालकी शोभायात्रा प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बाबा भोलेनाथ की पवित्र श्रावण मास के दूसरा सोमवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर जय स्तंभ चौराहा से भव्य शिव दर्शन पालकी यात्रा निकाली जा रही है। लक्ष्मी नारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में समिति के मुताबिक पालकी यात्रा मंदिर से शुरु होगी। आर्य समाज स्कूल, गुरुद्वारा, लक्ष्मीगंज, जयस्तम चौराहा, तेलगानी चौराहा, हनुमान चौराहा, हाट रोड, सदर बाजार , होते हुएमार्गों का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंचेंगी। मंदिर समिति ने शहरवासियों से पालकी यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

15 अगस्त को रहेगा शुष्क दिवस

गुना। राज्य शासन द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा शासन निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का क्रय विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखा जाना आदेशित किया गया है। जारी आदेश का कड़ाई से पालन किया जाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत नपा ने कराई रंगोली प्रतियोगिता

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी के मार्गदर्शन में रविवार को हर घर तिरंगा अभियान के प्रथम दिवस नगर पालिका परिषद गुना द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर पालिका की आईईसी टीम के सदस्यों ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्रावास में प्रतियोगिता आयोजित कराई।प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने हर घर तिरंगा की थीम पर आकर्षक रंगोलियां बनाईं। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान की शपथ भी दिलाई गई।मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने बताया कि देशभर में 09 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कन्याल के निर्देश पर नगर पालिका गुना द्वारा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जोड़ना तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों के बलिदान को स्मरण करना है।अभियान के तहत 11 अगस्त को वंदे मातरम् गीत का सामूहिक गायन, 12 अगस्त को नगर पालिका द्वारा तिरंगा रैली तथा 13 अगस्त को शास्त्री पार्क में हर घर तिरंगा एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी।

आज दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आएगी एलिम्को की मैकेनिक टीम

गुना। जिले में एडिप योजनांतर्गत एलिम्को जबलपुर द्वारा समय-समय पर हितग्राहियों को वितरित की गई मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल के संबंध में जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एलिम्को जबलपुर की मैकेनिक टीम को 10 अगस्त को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र गुना में बुलाया गया है। मैकेनिक टीम द्वारा जिले के दिव्यांगजनों को पिछले एक वर्ष में प्रदाय की गई मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल में सुधार एवं आवश्यक सामग्री डालने का कार्य किया जाएगा।साथ ही जिले के ऐसे दिव्यांगजन, जो मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल एवं साइकिल में तकनीकी सुधार या मरम्मत का कार्य करते हैं, उन्हें एलिम्को जबलपुर के तकनीकी स्टाफ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐसे दिव्यांगजन जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर भी उपलब्ध होगा।

करोड़ों की चोरी का 6 दिन में पर्दाफाश, सीसीटीवी नहीं था फिर भी मिली कामयाबी

पारदी गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार 1.48 करोड़ के सोने के जेवर बरामद

एमपी से राजस्थान तक छापेमारी, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर तंत्र ने पहुंचाया आरोपियों तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चक चुरेला में हुई करोड़ों की बहुचर्चित चोरी का पुलिस ने महज छह दिन में खुलासा कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की अनुपलब्धता के बावजूद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक विवेचना, मुखबिर तंत्र और लगातार किए गए फील्ड ऑपरेशन के जरिए वारदात की कड़ियां जोड़ते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी किए गए 985.150 ग्राम सोने के जेवर, जिनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 47 लाख 77 हजार 250 रुपए है, बरामद किए गए हैं। वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान भी पुलिस ने कर ली है और उनकी तलाश में मप्र तथा राजस्थान के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

तिजोरी ही उड़ा ले गए थे बदमाश

पुलिस के अनुसार 2-3 अगस्त की मध्यरात्रि ग्राम चक चुरेला निवासी बाबूलाल मीना के घर में अज्ञात बदमाश घुसे और घर में रखी तिजोरी ही चोरी कर ले गए। तिजोरी में करीब 2 से 2.5 किलो सोने के जेवर, करीब 3 किलो चांदी के जेवर, 11.50 लाख रुपए नकद सहित हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए थे। घटना के बाद फतेहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 175/26 के तहत धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी नहीं, लेकिन पुलिस ने सुराग खोज निकाले



ग्रामीण क्षेत्र में वारदात होने और घटनास्थल तथा आसपास सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध नहीं होने से पुलिस के सामने आरोपियों तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया और अलग-अलग पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की पहचान तथा चोरी की संपत्ति की बरामदगी के निर्देश दिए। इसके बाद फिंगर प्रिंट टीम और डॉग स्क्वाड की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। फरियादी और परिवार के सदस्यों से गहन पूछताछ के साथ आसपास के ग्रामीणों और संदिग्ध व्यक्तियों से जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, संदिग्धों की गतिविधियों और उनके आवागमन से जुड़ी कड़ियों का विश्लेषण करते हुए जांच को आगे बढ़ाया।

गुना से राजस्थान तक पुलिस की दौड़

आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस टीमों ने उनकी गिरफ्तारी के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में लगातार दबिश दी। गुना, शिवपुरी, विदिशा, उज्जैन, रतलाम, राजगढ़, भोपाल, इंदौर, शाजापुर, देवास और श्योपुर के अलावा राजस्थान के बारां, कोटा, झालावाड़, छबड़ा और कवई तक पुलिस ने संभावित ठिकानों पर तलाश की। कई संदिग्धों से पूछताछ और सूचनाओं के लगातार सत्यापन के बाद पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

दो आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ में वारदात कबूली

पुलिस के अनुसार 8 अगस्त को टीम ने ग्राम कनेरा, थाना धरनावदा निवासी राजू पुत्र कवरया पारदी, उम्र 35 वर्ष तथा गजानंद पुत्र देवला पारदी, उम्र 48 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 985.150 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए हैं। इनकी कीमत करीब 1,47,77,250 रुपए बताई गई है। वारदात में शामिल शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

एसपी की सीधी मॉनिटरिंग, छह दिन में नतीजा

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने मामले की शुरुआत से ही लगातार मॉनिटरिंग की। घटनास्थल के निरीक्षण से लेकर संदिग्धों की पहचान और संभावित ठिकानों पर दबिश तक पुलिस टीमों को लगातार दिशा-निर्देश दिए गए।

दस थानों और लाइन की पुलिस लगी थी चोरों की तलाश में

चोरों को पकड़ कर सलाखों तक पहुंचाने की कार्रवाई में फतेहगढ़, केंट, धरनावदा, राघौगढ़, बमोरी, सिरसी, विजयपुर, आरोन, कोतवाली, मधुसूदनगढ़ थानों के पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों, साइबर सेल, पुलिस लाइन, ऊमरी चौकी एवं एसडीओपी कार्यालय की टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें लगातार जारी हैं।

अवैध कब्जों पर बुलडोजर

इस पूरे मामले में खास बात यह रही कि आरोपियों के चिन्हित होते ही प्रशासन ने भी अपनी कार्यवाही तेज कर दी थी और मौके पर पहुंचकर उनके घरों और खेतों पर किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाकर एक सख्त कार्यवाही का संदेश दे दिया था। गौरतलब है कि पारदी बहुल इलाकों में पिछले कई दिनों से पुलिस और प्रशासन एक संयुक्त अभियान चलाकर अपराध छोड़ने के लिए प्रयास कर रहा था। बावजूद इसके यह संभवत अब तक की सबसे बड़ी चोरी की वारदात नतीजे के तौर पर सामने आ गई जिससे सरकारी प्रयासों को बहुत जोर से धक्का लगा।

ट्रेन पकड़ने जा रहे बैंक के डिप्टी मैनेजर की बाइक ट्रक से टकराई



गुना। शहर के सिटी कोतवाली थानांतर्गत जज्जी बस स्टैंड ओवरब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। एचडीएफसी बैंक गुना में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत धीरज मिश्रा (31) निवासी सतना हाल निवासी पत्रकार कॉलोनी गुना, अपने दोस्त के साथ ट्रेन से जबलपुर जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे थे, तभी लापरवाही से चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से उनकी बाइक पीछे से जा घुसी। जानकारी के अनुसार, फरियादी आदित्य जैन ने बताया कि देर रात लगभग 12:15 बजे जब उन्होंने धीरज को फोन किया तो किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाकर दुर्घटना की सूचना दी। धीरज अपनी टीवीएस राइडर बाइक एमपी 19 एनडी 5059 से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। जज्जी बस स्टैंड ओवरब्रिज पर आगे चल रहे ट्रक एमपी 04-4051 के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक में टकरा गई। हादसे में धीरज के सिर में गंभीर चोट आई और वे लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए ए.जे.एस. हॉस्पिटल गुना में भर्ती कराया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सूखे की चिंता के बीच गुना में आफत नहीं राहत बनकर बरसा सावन

बारिश से खेतों में लहराई फसलें, उफनाए नदी-नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

लंबे समय से सूखे और तीखी धूप से परेशान रहे गुना जिले पर आखिरकार इंद्रदेव मेहरबान हो गए हैं। सावन का आधा महीना बीतने के बाद लगातार कई दिनों से बना इंतजार समाप्त हुआ और शनिवार शाम से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला रविवार को दिनभर अनवरत जारी रहा। कभी रिमझिम तो कभी मूसलाधार बारिश ने पूरे अंचल को सराबोर कर दिया है। आसमान से बरसी इस संजीवनी से जहां खेतों में दम तोड़ रही फसलों को नया जीवन मिल गया है, वहीं



गर्मी और उमस से झुलस रहे लोगों ने राहत की सांस ली है।

इस सीजन में पहली बार शहर की गुनिया नदी समेत आसपास के नदी-नाले पूरे उफान के साथ बहते नजर आए। जिले में अब तक सामान्य से बेहद कम बारिश होने के कारण गुना, आरोन और बमोरी तहसील के किसान भारी संकट में थे। खेतों में बोई गई मक्का, सोयाबीन और धान की फसलें पानी के अभाव में मुरझाने लगी थीं और किसानों के माथे पर बर्बादी की चिंता साफ दिख रही थी। हालांकि, शनिवार शाम से बदले मौसम के मिजाज ने पूरी तस्वीर बदल दी। रविवार सुबह से ही आसमान में छाई काली घटाएं जम कर बरसीं। बूंदों की बौछार पड़ते ही मुरझाई फसलें खिल उठीं और लहलहाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि इस बारिश से न केवल फसलों को संजीवनी मिली है, बल्कि आने वाली रबी सीजन की बोवनी के लिए भी जमीन में नमी बेहतर होगी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक के नौ घंटों के भीतर ही गुना शहर में 55.4 मिलीमीटर तेज बारिश दर्ज की गई।

नेपाल सीमा पर साधु के भेष में छिपा मिला चोरी का आरोपी, 11 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे वारंटी धरपकड़ अभियान के तहत चांचौड़ा पुलिस को सफलता हाथ लगी है। कानून के हाथ से बचने के लिए नेपाल सीमा के पास साधु का भेष बदलकर रह रहे 11 साल पुराने शातिर भगोड़े घनश्याम शिल्पकार को पुलिस ने उसके गृह गांव से दबोच लिया। आरोपी पर बीनागंज चोरी कांड में चांचौड़ा न्यायालय से स्थाई वारंट और ग्वालियर हाईकोर्ट से सडक़ दुर्घटना के मामले में जमानती वारंट जारी था।



जांच में सामने आया कि 50 वर्षीय घनश्याम शिल्पकार निवासी बरवटपुरा, बीनागंज वर्ष 2015 से फरार चल रहा था। अपनी पहचान छिपाने के लिए उसने दाढ़ी बढ़ा ली थी और काठमांडू के पास स्थित चिडय़ाला माता मंदिर में महात्मा बनकर साधुओं के भेष में जीवन बिता रहा था। शुक्रवार की रात आरोपी अपनी फरारी काटकर चुपके से अपने गांव बरवटपुरा पहुंचा ही था कि मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक हरिसिंह सेन, सुनील रघुवंशी, आरक्षक कपिल शर्मा और राजेश केवट की सराहनीय भूमिका रही।

आशा कार्यकर्ता की सजगता से प्रसूता को समय पर मिला उपचार

गंभीर संक्रमण से बची मां, बारिश में नदी-नाले थे उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड चाचौड़ा के ग्राम सियारी में देखने को मिला, जहां आशा कार्यकर्ता की सजगता से प्रसूता को समय पर उपचार मिला और संभावित गंभीर संक्रमण से बचाया जा सका। ग्राम सियारी निवासी 23 वर्षीय प्रिया मीना, पत्नी मिथुन मीना की 13 जुलाई को जिला चिकित्सालय गुना में सीजर ऑपरेशन से प्रसूति हुई। उन्होंने स्वस्थ बेटे को जन्म दिया।

आशा कार्यकर्ता ने समझी और निभाई अपनी जिम्मेदारी

मां और शिशु के स्वस्थ होने पर दोनों को 16 जुलाई को अस्पताल से छुट्टी देकर घर भेज दिया गया। इसके बाद आशा कार्यकर्ता ममता मीना ने शिशु की पहली गृह भेंट की। इस दौरान बच्चे का वजन 2.800 किलोग्राम और तापमान 97.8 डिग्री फारेनहाइट पाया गया। मां और



बच्चा दोनों स्वस्थ थे। लगातार बारिश के कारण ग्राम सियारी के रास्ते में नाले में पानी भर गया था। इसके बावजूद आशा कार्यकर्ता ने अपनी जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी। पानी कम होने का इंतजार करने के बाद आशा सुपरवाइजर प्रवेश मीना और आशा कार्यकर्ता ममता मीना ने 21 जुलाई को दूसरी गृह भेंट की।गृह भेंट के दौरान शिशु का दोबारा वजन और तापमान लिया गया, जिसमें बच्चा सामान्य एवं स्वस्थ पाया गया। मां के स्वास्थ्य की जानकारी लेते समय प्रिया मीना ने सीजर के टांकों से पानी आने की शिकायत बताई।

सुपरवाइजर ने लिया गंभीरता से

आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल बीएमओ डॉ. सोम्या वाजपेयी एवं बीसीएम हेमंत गौड़ को जानकारी दी। अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए परिजनों को महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीनागंज लाने की सलाह दी। 22 जुलाई को नाले का पानी उतरने के बाद महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीनागंज लाया गया। यहां डॉ. आशु शर्मा ने महिला की जांच कर प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक दवाएं दीं। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से महिला को जिला चिकित्सालय गुना रेफर किया गया।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा महिला का उपचार

परिजनों एवं आशा कार्यकर्ता की मदद से प्रिया मीना को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां आवश्यक जांच एवं उपचार के बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं। इस पूरे घटनाक्रम में आशा कार्यकर्ता ममता मीना एवं आशा सुपरवाइजर प्रवेश मीना की सजगता, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समय पर स्वास्थ्य समस्या की पहचान कर अधिकारियों को सूचना देने और महिला को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने से संभावित गंभीर संक्रमण को टाला जा सका। यह ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

रघुवंशी समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

श्रीराम धर्मार्थ रघुवंशी न्यास द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं और 10वीं, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरदा अरविंद सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल जज चंदेरी महेंद्र रघुवंशी, उप महाप्रबंधक, प्रोजेक्ट ऑफिसर स्श्टरु धर्मेंद्र रघुवंशी, प्रोग्राम डायरेक्टर(इकॉनमी) मुंबई सोनल रघुवंशी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के संयोजक बलबीर सिंह रघुवंशी ने प्रतिभा सम्मान समारोह के उद्देश्य से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र रघुवंशी ने किया। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को शील्ड और रामायण देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि प्रोग्राम डायरेक्टर मुंबई सोनल रघुवंशी ने कहा कि आज बच्चों को सम्मानित होते हुए देखते बहुत अच्छा लग रहा है। आपको बधाई भी है और साथ में एक चुनौती भी है। सही सवाल पूछना एक जिम्मेवारी है। आपकी शिक्षा आपको सवाल पूछना सिखा दे, तो वो आपकी सबसे बड़ी जीत होगी। आप आगे जाकर डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे। आप सवाल करना सीखिए। दुनिया को केवल समझने की कोशिश मत कीजिए, उस पर सवाल भी कीजिए। जो बात घर में कही जा रही है, उसे सिर्फ इसलिए सच मत मानिए कि वो परिवार ने कही है। समाज की बात को भी परखिए। किसी बात को केवल इसलिए सच मत मानिए कि वो काफी पुरानी है, लंबे समय से चली जा रही है।

समाचार संक्षेप

सेवा का संकल्पः शिविर में डॉ राजपूत ने जांची महिलाओं की सेहत, दिया निशुल्क उपचार



गुना। महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर शहर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत द्वारा शुरू किया गया निशुल्क स्वास्थ्य सेवा अभियान आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रहा है। डॉ. राजपूत प्रत्येक रविवार जरूरतमंद मरीजों का निशुल्क परीक्षण एवं उपचार करते हैं। वहीं बीपीएल कार्डधारी मरीजों को आवश्यक दवाएं भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इस पहल का लाभ गुना के साथ आसपास के जिलों से आने वाले मरीज भी उठा रहे हैं। रविवार को आयोजित शिविर में 80 से अधिक मरीजों का निशुल्क उपचार किया, जबकि करीब 45 मरीजों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराईं। दूसरे जिलों से आए मरीजों ने डॉ. राजपूत के सहज व्यवहार और उपचार की सराहना की। उनका कहना था आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निशुल्क उपचार और दवा उपलब्ध कराना सराहनीय समाजसेवा है। डॉ. राजपूत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझते देखकर उनके मन में सेवा का संकल्प पैदा हुआ।

सेवा भारती बालिका छात्रावास समिति की नई कार्यकारिणी गठित



गुना। सेवा भारती गुना के बालिका छात्रावास समिति में संगठनात्मक परिवर्तन करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति के सुचारु संचालन एवं छात्राओं के हित में बेहतर कार्य करने के उद्देश्य से नवीन पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दायित्व सौंपे गए। सेवा भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत सह सचिव मार्तंड सोलंकी ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें डॉ भूपेंद्र धाकरे को अध्यक्ष, वीरेंद्र अहिरवार, रेनू अग्रवाल एवं श्वेता अरोरा को उपाध्यक्ष, आशीष शिंदे को सचिव तथा डॉ नीरू शर्मा को सह सचिव बनाया गया। वहीं अभिषेक श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष तथा लक्ष्मी नारायण साहू, विवेक जी सिंघल एवं महेश रघुवंशी को सदस्य का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर आरएसएस के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल ने नवगठित कार्यकारिणी को छात्रावास की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने तथा छात्राओं के शिक्षा, संस्कार एवं सर्वांगीण विकास के लिए सक्रियता से कार्य का आह्वान किया। नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों ने आपसी सहयोग एवं समन्वय के साथ छात्रावास के विकास और बालिकाओं के हित में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में आरएसएस के विभाग संघचालक अशोक सिंह, राजाराम शिंदे, सेवा भारती जिला सचिव मनोज रघुवंशी, जिला सेवा प्रमुख ओमपाल परमार, विभाग समन्वयक प्रमोद यादव एवं छात्रावास अधीक्षिका मेघा कुशवाह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चातुर्मास मंगल कलश की स्थापना का कार्यक्रम आयोजित

मुनिश्री ने किया 114 कविताओं के काव्य संग्रह की पुस्तिका का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य महान तपस्वी औजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन चातुर्मास कलश स्थापना का मांगलिक कार्यक्रम राघौगढ़ में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की संगीत में सामूहिक पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। दोनों मुनिराज के मंगल प्रवचन हुए। प्रथम कलश अशोक कुमार अतुल कुमार भरसूला परिवार, द्वितीय कलश डॉ अजित रावत, अनिलकुमार रावत परिवार, तृतीय कलश सिंघी अशोक कुमार राजेश कुमार भारिल्य परिवार चौथा कलश रमेश चंद्र प्रदीप कुमार डॉ सन्तोष माल्या परिवार,पांचवां प्रमोद कुमार प्रियंक कुमार चौधरी, छटवां अखिलेश कुमार जैन कालोनाइजर गुना सातवां कलश प्रतिष्ठाचार्य तरुण भैया ने कहा राघौगढ़ वासियों का सौभाग्य है की दो मुनिराज का चातुर्मास राघौगढ़ में होने जा रहा है। विद्या सागर दिगंबर जैन पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। राघौगढ़ की बहू सुप्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना श्री मती प्रेरणा जैन ने नृत्य प्रस्तुत किया। सुसनेर की ओंकार बालिका मंडल ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। मुनि श्रमण सागर जी महाराज द्वारा लिखित 114 कविताओं के काव्य संग्रह की पुस्तिका श्रमण धारा का कार्यक्रम में विमोचन हुआ। काव्य संग्रह पुस्तिका की जानकारी कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन ने दी। कार्यक्रम में मुनिराज के गृहस्थ जीवन के परिजनों का सम्मान जैन समाज राघौगढ़ द्वारा किया। अतिथियों का स्वागत जैन समाज के अध्यक्ष अशोक कुमार भारिल्य ने किया। कार्यक्रम में सागर, महाराजपुर, दिल्ली, गंजबासौदा, गोटेगांव, सुसनेर, गुना शाढ़ौरा, नलखेड़ा, बीनागंज कुंभराज, जामनेर, रुठियाई, धरनावदा, आदि से जगहों के श्रद्धालु उपस्थित रहे।

श्रीमद्भागवत कथा का पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री दास हनुमान मंदिर परिसर में 2 अगस्त से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार, 8 अगस्त को विधि-विधानपूर्वक हवन, पूर्णाहुति कन्या भोजएवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित किया।कथा के दौरान कथावाचक पंडित आशीष जी भार्गव ने महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, धर्म, संस्कार और सदाचार का संदेश दिया।,जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।समापन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन कराया गया और श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर सुख-शांति एवं लोककल्याण की कामना की। इसके पश्चात पूर्णाहुति संपन्न हुई। पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।कथा के आयोजन एवं समापन पर व्यवस्था में जुटे कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

अनूठा संगमः थीम पार्टी में कई राज्यों की संस्कृतियों को मंच पर जीवंत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



श्रीजी वाटिका क्लब द्वारा थीम पार्टी का भव्य आयोजन कल शाम एक निजी होटल के कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब संस्थापिका रजनी बिंदल कोषाध्यक्ष रितु सलूजा, क्लब सचिव रचना अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष चंचल अग्रवाल के द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुई। इस महोत्सव में भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृतियों को पांच अलग-अलग थीम के माध्यम से मंच पर जीवंत किया गया। मंच पर बिखरे भारत के अनूठे रंग कार्यक्रम की शुरुआत कश्मीरी थीम से हुई, जहाँ कलाकारों ने पारंपरिक पोशाक फिरन पहनकर डल झील और कश्मीर की वादियों का खूबसूरत नजारा पेश किया। इसके तुरंत बाद मंच पर पंजाबी थीम के तहत ढोल की थाप पर हुए धमाकेदार भांगड़े ने पूरे हॉल को जबरदस्त ऊर्जा से भर दिया और दर्शक झूमने पर मजबूर हो गए।देशभक्ति और लोक कला का अनूठा संगम स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष स्वतंत्रता दिवस थीम ने दर्शकों की आँखें नम कर दीं। देशभक्ति गीतों और तिरंगे के रंगों से सजी इस प्रस्तुति ने हॉल में मौजूद हर सदस्य के भीतर राष्ट्रप्रेम का जज्बा जगा दिया।सांस्कृतिक यात्रा को आगे बढ़ाते हुए बंगाली थीम के जरिए रवींद्र संगीत की मिठास और बंगाल की समृद्ध कला व परंपरा को बेहद शालीनता से मंच पर उतारा गया। कार्यक्रम का शानदार समापन राजस्थानी थीम के साथ हुआ, जिसमें पारंपरिक घूमर नृत्य और 'पधारो म्हारे देस' की गूंज के साथ राजपूती आन-बान-शान का प्रदर्शन किया गया।

बीनागंज में काली माता मंदिर से निकली विशाल चुनरी यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा



आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम बुधवार को बीनागंज नगर में देखने को मिला। प्राचीन काली माता मंदिर से विशाल चुनरी यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुई। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और माता के जयकारों के बीच निकली यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यात्रा के चलते पूरा नगर भक्तिमय नजर आया।पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित हो रही इस चुनरी यात्रा में इस वर्ष भी श्रद्धालु बीनागंज से राजस्थान के मनोहर थाना स्थित कोलूखेड़ी मालिया माता मंदिर के लिए पैदल रवाना हुए। श्रद्धालु करीब 2 किलोमीटर लंबी चुनरी को कंधों पर लेकर माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

जगह-जगह हुआ स्वागत पुष्पवर्षा कर बांटी प्रसादी

यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान जगह-जगह नगरवासियों ने श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। लोगों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी एवं शीतल पेय की व्यवस्था भी की। 'जय माता दी' के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

मनोकामना पूर्ण होने की है मान्यता

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि काली माता मंदिर से राजस्थान स्थित कोलूखेड़ी माता मंदिर तक चुनरी लेकर पैदल जाने की परंपरा क्षेत्रवासियों की आस्था से जुड़ी हुई है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि माता को चुनरी अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी विश्वास के चलते हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा में शामिल होते हैं। यात्रा को सफल बनाने में मंदिर समिति के सदस्यों, युवाओं और स्थानीय प्रशासन का सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

जैन दर्शन उत्तम जीवन जीने की कला के साथ उत्कृष्ट मरण की कला भी सिखाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शाढ़ौरा में समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री निरापद सागर महाराज अपने नियमित चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला में पाठशाला के स्वरूप में जैन दर्शन की प्रारंभिक ज्ञान शिक्षा का अध्ययन करा रहे हैं। इस प्रारम्भिक ज्ञान शिक्षा में समाज के 8 वर्ष से 80 वर्ष तक के श्रावक जैन धर्म का प्रारम्भिक ज्ञानार्जन कर रहे हैं। रविवार को सुबह 8 बजे आयोजित प्रवचन श्रृंखला में संल्लेखना व्रत के महत्व एवं उसके लाभ प्रसंग के दौरान महाराज ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति का लक्ष्य संल्लेखना व्रत धारण कर समतापूर्वक परिणामों से देह का परित्याग ही होना चाहिए। संलेखना व्रत 12 वर्ष का होता है। नियम पूर्वक संल्लेखना व्रत धारण करने का नियम ही जीवन को सार्थकता प्रदान करेगा। महाराज श्री के प्रवचनों से एक सैकड़ा से अधिक श्रावकों ने संकल्प पूर्वक संलेखना व्रत धारण कर कायोत्सर्ग किया। उल्लेखनीय बात यह है कि व्रत धारण करने वालों में युवाओं की संख्या अधिक है। महाराज श्री ने बताया कि संलेखना पूर्वक मरण से इस संसार का अंत निकट हो जाता है। उत्कृष्ट मरण यानि संलेखना के लिए मरण के लिए नियम लेना अपने जीवन का अंत समय मृत्यु महोत्सव के रुप मनाया जाना संलेखना व्रत है।

नवचयनित प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

रघुवंशी समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रघुवंशी क्षत्रिय समाज अशोकनगर की बैठक समाज के अध्यक्ष अमर सिंह रघुवंशी खजुरिया की अध्यक्षता एवं समाज के वरिष्ठों के सानिध्य में संपन्न हुई। सुबह से हो रही तेज बारिश के बावजूद समाजजनों ने बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक में समाज के संगठन की कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर हाल ही में मध्यप्रदेश पुलिस, रेलवे एवं मेडिकल लाइन में चयनित समाज के बच्चों का समाज द्वारा सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि समाज का अध्यक्ष अकेला कुछ नहीं होता। समाज के हजारों हाथ एक साथ मिलकर ही समाज की प्रगति को गति देते हैं। इस दौरान रघुवंशी क्षत्रिय समाज, अशोकनगर की कार्यकारिणी में अध्यक्ष अमर सिंह खजुरिया,उपाध्यक्ष डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी (पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष), रघुवीर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष रामवीर सिंह, सह कोषाध्यक्ष विश्वम्भर सिंह, महामंत्री राजकुमार सिंह, मंत्री शिवकुमार सिंह, रामबाबू सिंह, देवेन्द्र सिंह, भूरे सिंह,सह सचिव भानुप्रकाश सिंह, मीडिया प्रभारी, सुधीर सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने अशोकनगर में हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर किया अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को विमानों के चबूतरा से गांधी पार्क तक हर घर तिरंगा यात्रा में शामिल होकर जिले में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का गायन किया गया।

प्रभारी मंत्री ने तिरंगा यात्रा में सहभागिता करते हुए नागरिकों से अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन को राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना से जोड़ते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। हर घर तिरंगा अभियान आगामी 17 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। तिरंगा यात्रा में चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी भंग कर नए चुनाव कराने के लिए चुनाव समिति गठित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की गणेश मंदिर परिसर में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र सोनी कल्लु ढेकन वालों द्वारा की गई। बैठक में समाज की गतिविधियों एवं आगामी समाज के कार्यक्रम समाज के निर्वाचन को लेकर पूर्व समिति के कार्यकाल पर चर्चा की गई। जिसमें सभी की सहमति से समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद सोनी की उपस्थिति में वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नवीन चुनाव कराने हेतु चुनाव समिति का गठन किया गया। जिसके लिए सत्यप्रकाश सोनी, मुगलसराय अनुज सोनी, साडोरा भरत सोनी, शिक्षक अशोक सोनी, बीजरौनी अमित सोनी पाटखेड़ा को सभी ने चुनाव समिति के लिए सर्व समिति से निर्णय लिया गया। समाज की सभी गतिविधियां चुनाव समिति की निगरानी में होगी। समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से समाज की गतिविधियां और अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

19 अगस्त को तुलसी जयंती मनाए जाने के संदर्भ में बैठक आयोजित

अशोकनगर। रविवार को श्री हजारेश्वर महादेव मंदिर में मानस मंथन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अशोक कुमार शर्मा पूर्व सीएमओ, प्रमेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश बिरथरे, राजीव पचैरी, शिवराम शर्मा, शिव कुमार शर्मा रामकुमार शर्मा, बलराम शर्मा विष्णु शर्मा, जय नारायण शर्मा, उपेन्द्र पाराशर, हितेंद्र बुधौलिया, दुर्गेश भार्गव, गिरजेश भार्गव आदि उपस्थित हुए। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। बैठक में तुलसी जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 19 अगस्त को मानस मंथन समिती व रघुवंशी समाज परिषद व रघुवंशी युवा परिषद के तत्वावधान में किया जाना है। 19 अगस्त को प्रातः काल 8 बजे तुलसी पार्क स्टेशन रोड़ पर समस्त सनातन धर्मी एकत्रित होकर पूजा अर्चना करेंगें। तत्पश्चात माधव भवन पुरानी नगर पालिका में सन्ध्या काल 4 बजे बच्चों की प्रश्नोतरी का कार्यक्रम, तदुपरान्त श्री रामचरित मानस पर विद्वानों के व्याख्यान इसके उपरांत बच्चों को एवं धार्मिक संगठनों गौ सेवकों को सम्मानित किया जाएगा व पुरुस्कार वितरण किया जाएगा।

लायंस क्लब के सौजन्य से जिला जेल में भजन संध्या और सुंदरकांड हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा जिला जेल प्रांगण में भजन संध्या एवं सुंदरकांड का धार्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला जेल अधीक्षक की मौजूदगी में बंदियों को भजन एवं सुंदरकांड का श्रवण कराया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों में सकारात्मक सोच, आत्म विश्वास और अच्छे भविष्य की भावना जागृत करना था। भजनों एवं सुंदरकांड के माध्यम से बंदियों को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और अच्छे मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी बंदियों को प्रसाद भी वितरित किया गया, जिससे वातावरण और अधिक भक्तिमय एवं भावनात्मक हो गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब अध्यक्ष विकास रघुवंशी, सचिव गिरीश गुप्ता, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, एमजे रंजीत सिंह संधू, मनोज कुमार, पूर्व अध्यक्ष अभिजीत जैन एवं राजेश रघुवंशी सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने श्रद्धापूर्वक भजन एवं सुंदरकांड का श्रवण किया। लायंस क्लब द्वारा किए गए इस सेवा एवं धार्मिक आयोजन की सभी ने सराहना की।

जय मां करीला देवी जन कल्याण शिक्षा समिति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विकास खंड की जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था जय मां कारीला देवी जन कल्याण शिक्षा समिति द्वारा रविवार को ग्राम विसोर में बंदना कॉन्वेंट स्कूल में अशोक नारियल व छायादार पौधों का पौधारोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया गया। नवीन समिति के गठन के संबंध में चर्चा की व जिला समन्वयक बद्दी प्रसाद चैहान ने एडमिशन के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यांपुर द्वारा आज हरियाली यात्रा नवांकुर सखी के संबंध में बैठक रखी। जिसमें जिला/विकास खंड समन्वयक ने 16 अगस्त को होने वाला कार्यक्रम हरियाली यात्रा- नवांकुर सखी पर अपने-अपने विचार रखें स इस कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक मनोज यादव,नवांकुर संस्था के सचिव भूपेंद्र रघुवंशी तथा प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अरुण रघुवंशी सहित नवांकुर सखी उपस्थित थीं।

गंज मंदिर आदिनाथ जिनालय में प्रतिदिन चल रहीं धर्म की कक्षाएं

बड़े बनना चाहते हो तो अभिमान को छोड़ना होगा : मुनिश्री निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जितने-जितने बड़े देव होते हैं उनमें उतना-उतना गति,परिग्रह, विषयों की अभिलाषा और अभिमान कम होता है। इससे यह बात सिद्ध होती है कि बड़े बनने के लिए पहले लोभ कषाय और मान कषाय को कम करना होगा। मान कम करने से द्वेष समाप्त होता है और लोभ कम करने से राग समाप्त हो जाता है। और राग-द्वेष समाप्त होते ही कोई भी आपको भगवान बनने से नहीं रोक सकता। उक्त बात आचार्य श्री विद्यासागर और नवाचार्य श्री समयसागर महाराज के परम विद्वान षिष्य मुनि श्री निरंजन सागर महाराज ने सुभाष गंज स्थित दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय में सार्वाथसिद्धि ग्रंथ के चैथे अध्याय की व्याख्या करते हुए कही। मुनिश्री ने बताया कि दिगंबर जैन धर्म के महान आचार्य श्री उमास्वामी द्वारा रचित ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र की टीका सर्वासिद्धि ग्रंथ आचार्य पूज्यपाद स्वामी द्वारा रचित है। मुनिश्री का चातुर्मास शहर के सुभाष गंज स्थित जैन मंदिर में चल रहा है। मुनिश्री द्वारा प्रतिदिन दोपहर और शाम को श्रद्धालुओं को जैन धर्म के प्रमुख ग्रंथों का अध्ययन कराया जा रहा है। साथ ही सुबह 7 बजे से पुराना बाजार स्थित दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय में भी श्रद्धालुओं को जैन धर्म के प्रमुख शास्त्रों का अध्ययन कराया जारहा है।

खबर संक्षेप

अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के सेहराई थाने के अंतग्रत सेहराई निवासी सफी अहमद खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर फरियादी के घर से रात में चोरी की घटना को अंजाम देकर सोने की चैन, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायले व नगदी रूपए भी चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

ग्रामीण की करंट लगने से मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भेंसोनकला निवासी देव सिंह कुशवाह उम्र 60 साल अपने खेत में था तभी उसे करंट लग गया। जिसके बाद उसे मुंगावली अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

वृद्ध किसान की लाश पेड़ पर लटकी मिली

अशोकनगर। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत गजराज सिंह पुत्र भगवान सिंह कुशवाह उम्र 62 साल निवासी नानाखेडी जिला गुना, हाल निवासी पुरा तूमैन का शव तूमैन नदी के किनारे बलराम के खेत के पास छोले के पेड पर लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

धोखाधड़ी पूर्वक 49 हजार रुपए निकाले

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सीताराम ओझा निवासी विदिशा वायपास रोड अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा 49 हजार रूपए का ऑनलाईन साइबर फ्रॉड कर उसके साथ धोखाधड़ी की। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात की खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

51 कांवड़ के साथ निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा


शाढ़ौरा। सावन का महीना भगवान शिव की पूजा-अर्चना, व्रत, जलाभिषेक और भक्ति में डूब जाने का सबसे पवित्र समय माना जाता है। मान्यता है कि इस पूरे महीने में भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है। खासकर सावन के सोमवार का व्रत तो और भी शुभ फल देने वाला होता श्रावण मास के शुभ अवसर पर दूसरे सोमवार को शाढ़ौरा मैं कावड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को प्रातः 6 बजे अमोदा रोड से ट्रैक्टर द्वार पिलिघटा के लिए प्रस्थान करेंगे जंहा से काबड यात्रा सिंध नदी से जल भरकर नगर से नईसराय रोड खड़िया मोहल्ला कुंड मोहल्ला, सदर बाजार, विमल मेडिकल, मेन रोड होते हुए कुंडलपुर धाम पहुचेगी जहा विशाल जलाभिषेक महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

जिला युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

अशोकनगर। भारतीय युवा कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अशोकनगर द्वारा इंद्रा पार्क में कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस उत्साह एवं जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक इतिहास, विचारधारा एवं युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी में संगठन की भूमिका को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित युवा कार्यकर्ताओं ने युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने, संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने तथा जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। रोजगार, शिक्षा, युवाओं के अधिकार एवं उनके भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस लगातार सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती रहेगी। संगठन का उद्देश्य युवाओं को एकजुट कर जनहित एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए मजबूत आवाज बनाना है। इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

जिले में अभी भी तेज और घनघोर वर्षा की है जरूरत

अशोकनगर में पूरे दिन रुक-रुक कर होती रही वर्षा, लेकिन गति नहीं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अशोकनगर जिले में रविवार का दिन सुबह से ही वर्षा के नाम रहा, पूरे दिन रूक रूक कर वर्षा होती रही। बारिस हो रही है लेकिन तेज गति की वर्षा की जरूरत है ताकि जिले के जल स्त्रातों में पर्याप्त पानी आ सके, लेकिन आज भी जिले के जल स्त्रोत पानी की कमी से जूझ रहे हैं। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बना राजघाट बांध भी इस समय पानी की कमी से जूझ रहा है।

राजघाट डेम में भी पानी की कमी चिंताजनक

अशोकनगर और उत्तप्रदेश की सीमा पर बने राजघाट बांध की स्थिति भी इस समय चिंताजनक है। डेम के प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि वर्तमान में डैम में 1350 एमसीएम पानी है, जबकि डेम को 2200 एमसीएम पानी की जरूरत है। वर्तमान में डेम में 61.36 प्रतिशत पानी है, 18 गेट डेम में बने हैं लेकिन सभी गेट बंद है। यह डेम बेतवा नदी पर बना है, इस डेम में पानी अशोकनगर, रायसेन,विदिशा और भोपाल में अच्छी वर्षा होने के बाद पानी आता है लेकिन इन जिलों में भी वर्षा की रफ्तार धीमी है,जिसके कारण राजघाट डेम में अब तक पर्याप्त पानी नहीं आ पाया है। अभी तो डेम भरने की जरूरत है गेट खोलने की बात तो बाद में है।

कोई शिवजी को मना रहा है तो कोई इन्द्र देवता को

अशोकनगर जिल में पानी की के कारण जिले के लोग इन्द्र देवता को मनाने में लगे हैं कहीं शिवजी की आराधना कर रहे हैं ताकि अशोकनगर जिले पर जो पानी की कमी का संकट मंडरा रहा है उससे निजात मिल पाए,क्योकि अशोकनगर को इसलिए पानी की अधिक जरूरत है, क्योंकि यहां के लोग अमाही जलाशय से पानी की आपूर्ति करते हैं। जलाशय में भी पानी तब आएगा, जब अच्छी वर्षा होगी, अगर वर्षा अच्छी नहीं हुई तो शहर को पानी की आपूर्ति कैसे होगी यह समस्या सामने खड़ी है। उधर दूसरी ओर अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है, यहां कृषि की अच्छी पैदावार वर्षा पर निर्भर है, खरीफ की फसलें, पानी में ही पैदा होती हैं इसलिए इन फसलों का भविष्य भी वर्षा पर टिका है।

रविवार का दिन धीमी वर्षा से प्रारंभ हुआ,पूरे दिन होती रही वर्षा

अशोकनगर जिले में रविवार के दिन सुबह से ही बारिस शुरू हुई लेकिन दौर धीमी गति का था, आसमान में छाए हुए बादलों को देखकर लग रहा था कि अशोकनगर में अच्छी वर्षा हो सकती है,जिस तरह के बादल छाए थे उस तरह की वर्षा शहर में होती नजर नहीं आई, लेकिन धीमी गति की वर्षा पूरे दिन जरूर होती रही। अमाही जलाशय का भविष्य तेज गति की वर्षा पर टिका है,जब तक तेज गति से घनघोर वर्षा नहीं होगी तब तक अमाही जलाशय में जो पानी के आने के स्त्रोत हैं तब तक पानी की आपूर्ति नहीं हो पाएगी।

सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त, सरिए निकलकर बाहर आए

जिस सड़क मार्ग से उत्तप्रदेश और मध्यप्रदेश के वाहनों का आवागमन होता है उस सड़क मार्ग की हालत इस समय चिंताजनक है यहां डैम के मुख्य सड़क मार्ग पर गहरा गडडा हो गया है और सरिया बाहर निकल आए हैं, अगर वर्षा काल के दिनों में यातायात बंद हुआ और डेम को किन्ही कारणों से डेमेज घोषित किया जाता है तो आना जाना प्रभावित हो सकता है। यह मार्ग लगातार खतरनाक चेतावनी दे रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर से पूरी तरह अंजान है। अगर समय रहते इस डेम पर यातायात नहीं रोका गया या इसको सुधारने के प्रयास नहीं किए गए तो कभी भी कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है।



पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का लिया संकल्प

सीएमएचओ कार्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रविवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी साकेत मालवीय द्वारा सेवा भारती के तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों तथा भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा आमंत्रित पदाधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। कलेक्टर साकेत मालवीय ने पौधों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों को पोषित कर विकसित करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। सीएमएचओ डॉ. अल्का त्रिवेदी ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

चेहल्लुम पर निकला ताजियों का जुलूस बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

अशोकनगर। चेहल्लुम के अवसर पर रविवार को शहर में मुस्लिम समाज द्वारा श्रद्धा और अकीदत के साथ ताजियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ निर्धारित स्थल तक पहुंचा। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस में आकर्षक ताजिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। समाज के लोगों ने परंपरागत तरीके से चेहल्लुम मनाते हुए मातमी धुनों के बीच इमाम हुसैन की कुर्बानी और उनके त्याग को याद किया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। जुलूस के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। प्रमुख मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। चेहल्लुम का यह आयोजन आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता नजर आया।

नारायणपुर गांव में अच्छी वर्षा के लिए देवमुरारी बापू के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नारायणपुर ग्राम में यज्ञ के पश्चात श्रावण मास में शिव आराधना का महत्व बताते हुए जगतगुरु देवमुरारी बापू ने कहा कि यह यज्ञ अच्छी वर्षा की कामना और क्षेत्र में खुशहाली को लेकर किया गया है। इस मौके पर 40 दिन में महायज्ञ में सवा लाख आहुतियां दी गईं। गायत्री परिवार की अखंड ज्योत के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परिवार के निष्ठावान भक्तों ने निरंतर 40 दिन से प्रत्येक गांव में पंच कुंडीय एकदिवसीय यज्ञ को प्रारंभ किया।

इस क्रम में ग्राम नारायणपुर में जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने ग्राम एवं क्षेत्र वासियों से अच्छी बरसात के लिए भी इंद्र एवं वरुण देवता से सामूहिक प्रार्थना कराई देवमुरारी बापू ने कहा श्रावण मास में भगवान शिव और भगवती की आराधना से 100 गुना अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है वैसे तो हर समय भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की आराधना धन,सुख,संपत्ति,वैभव को देने वाली होती है परंतु श्रावण मास भगवान से जल और अक्षत आदि के अर्पण करने से शीघ्र प्रसन्न होते हैं भगवान शिव अपार धन-संपत्ति देने वाले देवता है इसलिए रावण ने भगवान शंकर को अपने 10 सिर अर्पित किए तो प्रसन्न होकर भगवान शिव ने सोने की लंका नगरी रावण को दान कर दी वैसे तो भगवान से बहुत सरल है अगर कोई अपमान भी करता है तो वह बुरा नहीं मानते हैं पर जब कोई आराधना करता है तो बहुत ज्यादा प्रसन्न हो जाते हैं।यज्ञ में प्रमुख रूप से अमर सिंह रघुवंशी (बाबूजी) अजय सिंह रघुवंशी, राजेंद्र सिंह रघुवंशी, अशोक सिंह रघुवंशी, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, इंजीनियर रणवीर सिंह,विक्रम सिंह यादव,खुशी लाल कुशवाहा राजकुमार रघुवंशी, मुकेश सिंह सजाई वाले एसडीओ साहब,पवन सिंह यादव, प्रमोद महाराज खतोरा, देवेंद्र शर्मा तूमेन, यज्ञाचार्य शंभू दयाल साहू ने यज्ञ संपन्न कराया, यज्ञ के पश्चात खीर पूरी मालपुआ आदि का भंडारा संपन्न हुआ।

नेत्र शिविर में 121 मरीजों की जांच की गई

अशोकनगर। अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद द्वारा रोटरी भवन विदिशा रोड पर निःशुल्क नेत्र शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन कैंप लगाया गया जिसमें मरीज की संख्या 121 रही और जिसमें मरीज को बीपी शुगर की जांच की गई साथ ही नेत्र परीक्षण किया गया। दवाइयां निशुल्क दी गई 61 मरीजों को ऑपरेशन के लिए आनंदपुर लटेरी ले जाया जाएगा। जहां उनकी आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा। इस अवसर रोटरी अध्यक्ष विजय कुमार चैधरी डॉ दीपक पटेल डॉ शिव गणेश डॉ दीपक जैन दयाल सिंह संस्था के पूर्व अध्यक्ष अजीत जैन उपस्थित रहे। परिषद की अध्यक्ष और बहनों द्वारा डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह और सभी को पुष्प माला पट्टी का देकर स्वागत किया गया। परिषद की अध्यक्ष डॉ वर्षा बड़कुल सचिव मनीष अरिहंत पूर्व अध्यक्ष ममता मोहरी प्रियंका बरखेड़ा रश्मि जैन, रश्मि बिल्कुल श्वेता भोपाली प्रीति बाबा मानसी पाली सीमा जैन उपस्थित रहीं।

जिले में आदिवासी दिवस पर थिरका जनमानस

पारंपरिक वेशभूषा में निकाला भव्य चल समारोह, अशोकनगर में भी हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में जिले भर में आयोजन हुए, अशोकनगर शहर के स्टेशन रोड पर एक सभा का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार चंदेरी नगर में एक भव्य एवं ऐतिहासिक चल समारोह (जुलूस) निकाला गया। इस गरिमामयी आयोजन में चंदेरी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में आदिवासी समाज और अन्य लोग पहुंचे। जुलूस में शामिल लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था और सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

पारंपरिक रंग में रंगा नजर आया हुजूम- चल समारोह के दौरान पूरा माहौल आदिवासी संस्कृति के रंग में सराबोर नजर आया। जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चे अपनी पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा व आभूषणों में सजे-धजे दिखाई दिए। पारंपरिक आदिवासी गानों और ढोल की थाप पर समाज के लोग जमकर थिरके। लोक संस्कृति के गानों पर झूमते और नृत्य करते लोगों ने पूरे नगर का माहौल उत्सवमय बना दिया।

इस अवसर पर अशोकनगर में कार्यक्रम की शुरूआत भगवान विरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मेन्द्र रावत ने कहा कि आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर कार्य करना पडेगा। विरसा मुण्डा ने नारा दिया था कि अपना देश अपना राज को साकार करना होगा, समाज के लोगोंकी जमीनों पर आए दिन होने वाले कब्जे आदि को लेकर संघर्ष करना होगा। यह दिवस आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा संस्कृति और पहचान को बनाए रखने का दिन है।

पुलिस कर्मियों को वितरित किए 20 बॉडी वॉर्न कैमरे, संचालन का दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिसिंग में पारदर्शिता, निष्पक्षता, जवाबदेही एवं आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों को बॉडी वॉर्न कैमरे आवंटित किए गए हैं, जिसके अंतर्गत जिला अशोकनगर को 20 बॉडी वॉर्न कैमरे प्राप्त हुए हैं। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला अशोकनगर के समस्त थानों को 20 बॉडी वॉर्न कैमरों का वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मियों को बॉडी वॉर्न कैमरों के संचालन, उपयोग एवं रिकॉर्डिंग संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

बॉडी वॉर्न कैमरों का उपयोग विशेष रूप से वाहन चेकिंग, कानून-व्यवस्था संबंधी ड्यूटी, मौके की कार्यवाही एवं विवेचना से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यवाहियों के दौरान किया जाएगा। इसके माध्यम से पुलिस की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, निष्पक्ष, आधुनिक एवं जन-अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास एवं जवाबदेही को और मजबूत करना, पुलिस कार्यवाही की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा आवश्यकता पड़ने पर घटनाओं एवं पुलिस कार्रवाई से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्यों के संकलन एवं संरक्षण को सुदृढ़ बनाना है। बॉडी वॉर्न कैमरे पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों के अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि आधुनिक तकनीक का समुचित उपयोग पुलिसिंग को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बॉडी वॉर्न कैमरों के उपयोग से पुलिस कार्यवाही की गुणवत्ता में वृद्धि होगी तथा पुलिस एवं आमजन के बीच विश्वास और अधिक मजबूत होगा। अशोकनगर पुलिस द्वारा तकनीक आधारित एवं जन-केंद्रित पुलिसिंग को निरंतर बढ़ावा देते हुए जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।



सावन की हरियाली, भक्ति की मधुरता और बहनों की एकता का अनुपम संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सहेली महिला मंडल द्वारा इस माह का श्री सुंदरकांड पाठ एवं हरियाली तीज उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सौहार्द के साथ लवकुश मंदिर पर संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर सभी बहनों ने हरी साड़ी और हरी चूड़ियाँ धारण कर सावन की हरियाली, समृद्धि, सौभाग्य और मंगलकामना का सुंदर संदेश दिया। सावन का महीना केवल ऋतु का उत्सव नहीं, बल्कि श्रद्धा, प्रेम, प्रकृति और नारी शक्ति के सम्मान का भी प्रतीक है। आप सभी बहनों की सहभागिता, एकता और समर्पण ने इस आयोजन को यादगार बना दिया कार्यक्रम की सहयोजिका सरोज शर्मा नैना शर्मा अनीता जैन सपना नायक कृष्णा हाडा किरण कुशवाह आरती ओझा रहीं। सहेली महिला मंडल की सभी बहनों को हृदय से धन्यवाद एवं साधुवाद। ईश्वर से प्रार्थना है कि हम सभी का स्नेह, सौहार्द और यह हरियाली सदैव यूँ ही बनी रहीं।।

राष्ट्र संत सुधा सागर महाराज की प्रेरणा से हर वर्ष पौधों का रोपण किया जाएगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रकृति हमें सब कुछ देती है हम उसको कुछ भी नहीं लौटा सकते लेकिन हम सब चाहे तो सहयोगी अवश्य बन सकते हैं प्रकृति हमें रहने को भूमि प्रदान की इसका उपकरण हम अपने आसपास साफ सफाई करके कर सकते हैं हमें शुद्ध हवा मिलती है इसके उपकार के लिए हमें वृक्षारोपण करना चाहिए। श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के साथियों के साथ आरोन रोड़ मगरदा चैराहे के निकट बरोदिया परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

हम पेड़ की रक्षा करें प्रकृति हमारी रक्षा करेगी

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि हम पेड़ पौधों की रक्षा करें प्रकृति हमारी रक्षा करेगी ये नियम है कि हम किसी का उपकार करते हैं तो हमें भी बदले कुछ ना कुछ मिलता है वृक्षारोपण के लिए ये समय सर्व श्रेष्ठ माना जाता है परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज की प्रेरणादाई मंगल प्रवचनों में उन्होंने कहा था कि हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। हम सब पंचायत सदस्य इस काम को कर रहें पंचायत कमेटी द्वारा पूर्व में भी गौशाला परिसर निहार वाटीका व स्टेशन रोड गौशाला में वृक्षारोपण किया गया था पर्यावरण की सुरक्षा शुद्ध हवा पाने के लिए हमें निश्चित रूप से वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम करते रहना होगा। इस मौके पर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल, महामंत्री राकेश अमरौद, अजीत बरौदिया, मनीष बरखेडा, नितिन बज्र, आदि शामिल थे।

सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लिया अखंड भारत का संकल्प

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल ने निकाली भव्य वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा मुंगावली नगर में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में सैकड़ों की संख्या में बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत इस रैली के दौरान भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गुंजायमान रहा। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। हाथों में भगवा ध्वज और राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने अखंड भारत, राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। रैली के दौरान आयोजित विशाल सभा को संबोधित करते हुए बजरंग दल के प्रान्त संयोजक अवधेश तिवारी ने कहा कि अखंड भारत का संकल्प भारत की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित, भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण के लिए संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अंकित जैन बड़कुल, जिला सहमंत्री अरुण जैन, जिला मंत्री कंछेदी दांगी, जिला संयोजक डॉ. दशरथ सिंह, पूर्व जिला संयोजक अजय सिंह यादव सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राजपूत, प्रखंड मंत्री दीपक जैन, अजय यादव सहित जिले के सभी प्रखंडों के अध्यक्ष, मंत्री, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

भारत माता की आरती के साथ हुआ समापन

विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल की यह भव्य वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मुंगावली बस स्टैंड पहुंची, जहां राष्ट्रभक्ति के वातावरण में भारत माता की आरती की गई। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने भारत माता के समक्ष राष्ट्र की एकता, अखंडता और गौरव की रक्षा के लिए संकल्प लिया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। अवधेश तिवारी ने कहा कि अखंड भारत संकल्प दिवस का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना है।

श्रावण में शिव पुराण कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

श्रीराम मंदिर से निकाली कलश यात्रा में श्रद्धालु शामिल हुए, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर

श्रावण मास के प्रारंभ के साथ ही नगर में धार्मिक आयोजनों का दौर शुरू हो गया है। रविवार को मार्केटिंग सोसाइटी परिसर में शिव पुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा से पहले श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। भजनों और धार्मिक जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में महिलाएं पीतांबर वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। वहीं श्रद्धालु शिव पुराण को सिर पर धारण कर नंगे पैर यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया।



शिव परिवार से सीखें प्रेम और सामंजस्य

कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित प्रमोद नागर ने परिवार और प्रेम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवारों पर आधुनिकता और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में हमें भगवान शिव के परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए। शिव परिवार में सभी सदस्यों के स्वभाव एक-दूसरे से विपरीत होने के बावजूद प्रेम, सम्मान और सामंजस्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि परिवार को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे के स्वभाव और भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। प्रेम और अपनत्व से ही परिवार में एकता कायम रहती है। प्रेम की शक्ति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इसी प्रेम के कारण भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम से अर्पित किए गए झूठे बेर भी स्वीकार किए।

कथा सुनने उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

शिव पुराण कथा के प्रथम दिन सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचे। कथा के समापन के बाद महाआरती हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से सहभागिता की। इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि शिव पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 1रू30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। समिति सदस्यों ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

मिलावट खोरी का धंधा जोरों

दूध, घी, मावा से लेकर तेल-खाद्य पदार्थों में मिलावट, सेहत पर हो रहा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिलावटखोरी का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। दूध, घी, मावा, पनीर, खाद्य तेल, मसाले और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

इसके बावजूद मिलावटखोरों के खिलाफ प्रभावी और नियमित कार्रवाई नहीं होने से उनके हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। त्योहारी सीजन के साथ ही मिलावटी खाद्य पदार्थों का कारोबार और तेज होने की आशंका रहती है। बाजार में बिकने वाले दूध और उससे तैयार होने वाले मावा, पनीर व घी की गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ताओं में चिंता बनी हुई है। वहीं खाद्य तेल, मसालों और अन्य पैकेज्ड व खुले खाद्य पदार्थों में भी मिलावट की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के लिए कुछ कारोबारी कथित तौर पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से समझौता कर रहे हैं, जिसका सीधा असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा कभी-कभार जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई तो की जाती है, लेकिन नियमित निगरानी के अभाव में मिलावट का कारोबार पूरी तरह खत्म नहीं हो पा रहा है। कार्रवाई होने के बाद कुछ समय के लिए गतिविधियां थमती हैं, लेकिन बाद में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। लोगों ने प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग से मांग की है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान चलाया जाए। दूध डेयरियों, मावा-पनीर विक्रेताओं, किराना दुकानों, होटल-रेस्टोरेंट और खाद्य तेल विक्रेताओं से सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जाए। जांच में मिलावट पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर अंकुश लग सके।

इनका कहना है

मिलावटी कारोबार करने वाले पर लगातार कार्रवाई की जा रही है सारंगपुर में जल्दी अभियान चलाकर चेक किया जाएगा।


सुरेंद्र खत्री, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजगढ़।

कांवड़ यात्रा में 13 किलोमीटर पैदल चले सैकड़ों कांवड़ियों ने गुप्तेश्वर महादेव का किया अभिषेक



माचलपुर. नगर से करीब 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव धानोदा के पास कालीसिंध नदी से जल भरकर गुप्तेष्वर महादेव मंदिर पहुंचकर अभिषेक किया। कांवड यात्रा में पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रतसिंह खींची भी सावन के पवित्र माह में अपने कांधे कांवड़ लेकर पैदल चल कर पहुंचे। पूर्व मंत्री श्री खींची के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा काफिला चल रहा था, जिसमे पूर्व विधायक रामप्रसाद दांगी, कालू सिंह तोमर, जसवंत सिंह गुर्जर पोलखेडा जसवंत सिंह गुर्जर लिंबोदा, प्रकाशचंद्र पुरोहित सहित खिलचीपुर विधानसभा के अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए। कांवड़ यात्रा सर्व प्रथम धानोदा प्रवेश पर सरपंच घनश्याम गुर्जर ने जोरदार स्वागत किया। कावड़ यात्रा के दौरान रास्ते गोघटपुर, गोतमपुरा, बंदा सहित अनेक जगह जलपान करवा वा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। माचलपुर नगर में जगह जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। कावड़ यात्रा का नगर में अनेक जगह स्वागत किया कावड़ यात्रा नगर के स्वय भू बाबा गुप्तेश्वर पहुंची। जहां नगर के दरबार परिवार ने यात्रा प्रमुख पूर्व मंत्री व सभी कावड़ यात्रियों का स्वागत किया। सभी कावडियो ने बाबा गुप्तेश्वर का जल अभिषेक कर महाआरती की पश्चात सभी ने महा प्रसादी ग्रहण की।

खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



खुजनेर. मालवा के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामिका एकादशी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों ने लम्बी कतारों में लगकर दर्शन किए दिनभर मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजता रहा कामिका एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया गया विशेष पूजा-अर्चना महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर बाबा श्याम के दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के अवसर पर आसपास के क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज से भी श्रद्धालु पैदल निशान यात्रा लेकर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे भक्तों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं मांगीं। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं में भी सेवादार कार्यकर्ता जुटे रहे एकादशी पर दिनभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद लिया मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं को 3 क्विंटल फलाहारी चिप्स का प्रसाद वितरण किया गया है।

वाहनों के संबंध में कार्रवाई की जा रही

खनिज विभाग ने अवैध मुरुम से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर पुलिस को सौंपे



सारंगपुर। शनिवार देर रात खनिज विभाग राजगढ़ टीम ने क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से मुरुम भरकर परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। दोनों वाहनों को कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सारंगपुर के सुपुर्द किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर चालकों की पहचान विकास पिता अनिल मेवाड़ा, निवासी किशनपुरा तथा शाहरुख पिता सलीम, निवासी सारंगपुर के रूप में बताई गई है। जानकारी के अनुसार, खनिज विभाग की टीम ने शनिवार रात क्षेत्र में जांच के दौरान मुरुम से भरी दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा। विभाग द्वारा वाहनों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से मुरुम एवं अन्य खनिजों के उत्खनन और परिवहन की शिकायतें सामने आ रही हैं। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। खनिज विभाग द्वारा समय-समय पर इक्का-दुक्का कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन का सिलसिला पूरी तरह थमता नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग को केवल छिटपुट कार्रवाई के बजाय अवैध खनन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी रूप से रोक लग सके।

विश्व आदिवासी दिवस पर नीम, सीताफल जामुन, बेलपत्र, बहेड़ा का पौधरोपण किया



नरसिंहगढ़। प्रकृति संरक्षण परिवार आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन ने यूएनओ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस भैंसाटोल पहाड़ी पर पूर्व वर्ष की तरह पलास (खाखरा) के पौधे व पलाश के बीजों के साथ-साथ नीम जामुन बेलपत्र बहेड़ा सीताफल आदि की बीजरोपित किए गए। प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक व आकास प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम भिलाला द्वारा बताया गया है कि यह पलास के पौधे लगाने की प्रेरणा नरसिहगढ़ मे पदस्थ पूर्व एसडीएम सिद्धार्थ जैन से प्राप्त कर वर्ष 2019 से 2029 पलास अभियान के तहत इस पहाड़ी पर पलास लगाये जा रहे हैं जो की आज पिछले 7 वर्षों में पहाड़ी पर बहुतायत की मात्रा में 5 से 10 फीट के दिखाई देने लगे हैं निश्चित रूप से 2029 तक यह पेड बड़े-बड़े होकर इनमें मार्च माह में केसरिया फूल खिलने लगेंगे। जिसके कारण इस पहाड़ी को केसरिया पहाड़ी दिखने लगेगी। आज पौधरोपण में दिनेश भिलाला,दुलीचंद भिलाला, पप्पू सहरिया जयपाल सिंह हाडा रवि बाधवी विकास मालोनिया राजेश भिलाला अंश भिलाला गौरी भिलाला,दिनेश भिलाला यति भिलाला सौम्या भिलाला आदि द्वारा खोद खोदकर बीज व पौधे रोपित किए गए। वर्ष 2002 में इस पहाड़ी पर नीम की निम्बोली रोपित किए जाने से आज हजारों की संख्या में नीम के वृहद आकार में वृक्ष दिखाई दे रहें हैं।

यात्रियों में कुछ समय के लिए चिंता बढ़ी

रेलवे ट्रैक पर गोवंश आ गया, ट्रेन चालक की सूझबूझ से बच गई जान, हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

रविवार को सारंगपुर से होकर गुजर रही ट्रेन के सामने अचानक एक गोवंश आ जाने से कुछ देर के लिए स्थिति चिंताजनक हो गई। हालांकि ट्रेन चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते बड़ा हादसा होने से टल गया और गोवंश की जान बच गई। जानकारी के अनुसार रविवार को ट्रेन सारंगपुर रेलवे स्टेशन से आगे अपने निर्धारित मार्ग पर जा रही थी। इसी दौरान रेलवे ट्रैक पर अचानक एक गोवंश आ गया। चालक ने जैसे ही ट्रैक पर गोवंश को देखा, तत्काल सतर्कता बरतते हुए ट्रेन की गति कम कर दी। ट्रेन की रफ्तार धीमी होने से गोवंश को ट्रैक से हटने का मौका मिल गया और वह सुरक्षित बच गया। घटना के दौरान ट्रेन में सवार यात्रियों के बीच भी कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बन गया था। लेकिन चालक की तत्परता के चलते किसी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना नहीं हुई। गोवंश को बचाने के लिए ट्रेन चालक द्वारा दिखाई गई सजगता और मानवीय संवेदनशीलता की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि रेलवे ट्रैक पर अचानक आने वाले पशुओं के कारण अक्सर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ऐसे में चालक की सतर्कता ने एक बेजुबान की जान बचाने के साथ ही संभावित रेल हादसे को भी टाल दिया।

तहसीलदार के समझाने पर खत्म हुई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल

शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर आ गई



हरिभूमि न्यूज ⏭सुतालिया

नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को खत्म हो गई। 'तहसीलदार रामनिवास धाकड़' के आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौटे। इसके साथ ही शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था फिर से पटरी पर आ गई। पिछले 3 दिनों से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। इससे शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए थे। दुर्गंध और गंदगी से नागरिक परेशान थे। मामला बढ़ता देख तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने कर्मचारियों से चर्चा की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। तहसीलदार के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। हड़ताल समाप्ति के दौरान 'नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती, अध्यक्ष प्रतिनिधि गिराज लोधी, भाजपा जिला मंत्री माधवी परमार, पार्षद मोहसिन खान, रांझा, रामबाबू कुशवाह, वरिष्ठ पत्रकार बीके तिवारी, पवन सोलंकी, सुनील शरावत, राजू सोधिया नपा दरोगा दीपू लाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

अभिभाषक संघ जीरापुर के चुनाव में रोमांचक मुकाबला, दोनों उम्मीदवार को बराबर मत मिले

पहले वर्ष गोपाल कृष्ण, दूसरे वर्ष लक्ष्मी नारायण रहेंगे अध्यक्ष



जीरापुर. स्थानीय अभिभाषक संघ के चुनाव तेज सरगर्मियों के मध्य निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। जहां पर निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी ने चुनाव में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को अध्यक्ष पद ने रोमांचक बना दिया। अध्यक्ष पद के दोनों दावेदार गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं लक्ष्मी नारायण मंडलोई के बीच मुकाबला हुआ। और बराबर मत प्राप्त होने से आपसी सहमति एवं निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार दोनों के लिए एक-एक वर्ष का कार्यकाल निर्धारित किया गया। जिसमें पहले वर्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल , दूसरे वर्ष लक्ष्मी नारायण मंडलोई अभिभाषक संघ जीरापुर के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। जगदीश टेलर सचिव पद पर निर्विरोध चुने। उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला देवी भावसार ,सह-सचिव-मुरली मेरोठा, पुस्तकालय प्रभारी - विष्णु गुर्जर को नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि संघ की एकता, अधिवक्ताओं के हितों, सम्मान एवं न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। उक्त पदाधिकारियों को समस्त अधिवक्ताओं और ईष्टमित्रों ने बधाई दी।

दोस्तों के साथ नहाने गया किशोर कुएं में डूबा, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची रेस्क्यू कर शव बाहर निकाला

खुजनेर। थाना क्षेत्र के ग्राम सुस्तानी में रविवार को कुएं में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार देवेंद्र पिता पंकज नट (15) वर्ष अपने दो दोस्तों के साथ कुएं पर नहाने गया था। बताया जा रहा है कि देवेंद्र को तैरना नहीं आता था। वह दोस्तों के साथ कुएं में उतरा, लेकिन पानी गहरा होने के कारण डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही टीआई रवि ठाकुर सहित पुलिस बल और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची टीम ने रेस्क्यू कर युवक को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुजनेर जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

नगर आगमन पर किया स्वागत

ज्योतिष क्षेत्र में अनुसंधान और समाजसेवा के लिए लख्मीचंद चौधरी को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरावर



नगर के वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य लखमीचंद चैधरी को ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान एवं समाजसेवा के लिए इंदौर में सम्मानित किया गया। रविवार शाम 7 बजे इंदौर की सुप्रसिद्ध होटल एसेंशिया में रेडियो मिर्ची के बैनर तले आयोजित सम्मान समारोह में अभिनेत्री मंदिरा बेदी ने उन्हें अवार्ड प्रदान किया। ज्योतिषाचार्य चैधरी को यह सम्मान उनके करीब 30 वर्षों के ज्योतिषीय कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। अब तक उन्हें राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा करीब 150 सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। सम्मान प्राप्त कर नगर लौटने पर उनके इष्ट-मित्रों और शुभचिंतकों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। मित्रों ने कहा कि चैधरी ने ज्योतिष के क्षेत्र में निरंतर अनुसंधान के साथ समाजसेवा के माध्यम से नगर का गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर कृष्ण मोहन चैरसिया, डॉ. नवीन अग्रवाल, प्रेमदास वैष्णव, दीपक सक्सेना, ओमप्रकाश जोशी, रवि शर्मा, आनंद वर्मा, लाला शर्मा, भारत सिंह मीणा, भारत सिंह परिहार, मनोज मेवाड़े, डॉ. महेश जैन सहित अन्य मित्रों ने उन्हें बधाई दी।

E-Mail ID-cmosarangpur@mpurban.gov.in फोन नं.:-07371-222042

कार्यालय नगर पालिका परिषद, सारंगपुर जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्रमांक /1915/लो.नि./2026 ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना सारंगपुर दिनांक : 04/08/2026

नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा नवीन केन्द्रीकृत प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद सारंगपुर जिला राजगढ़ में नगर पालिका सीमा क्षेत्र अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु म.प्र.न.प्र.एवं विकास विभाग भोपाल के प्रचलित आई.एस.एस.आर. जो दिनांक 02.08.2021 से प्रभावशील है के अनुसार प्रतिशत दर आधार पर निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा एंव उसकी तिथियों मे किसी भी प्रकार संशोधन / परिवर्तन / परिवर्धन होने की दशा मे सूचना ऑनलाइन सूचना ही जारी की जावेगी पृथक से कोई सूचना समाचार पत्र मे प्रकाशित नही की जावेगी।

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम / विवरण	लागत तक.स्वी.अनुसार जीएसटी छोड़कर	धरोहर राशि	निविदा फार्म शुल्क	समयावधि
1	2026_UAD_527150_1	वार्ड क्र. 04 में पुरानी सब्जी मंडी से जैन उपासरा से लेकर जिया बाबा मस्जिद तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2188800	16416	5000	कार्यादेश दिनांक से 06 माह वर्षाकाल छोड़कर
2	2026_UAD_527163_1	वार्ड क्र. 04 में जैन उपासरा से मोती मस्जिद तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य	1421125	10658	2000	कार्यादेश दिनांक से 06 माह वर्षाकाल छोड़कर

Critical Dates

Publish Date	06-AUG-2026 10:00 AM	Bid Opening Date	09-SEP-2026 10:00 AM
Document Download/Sale Start Date	06-AUG-2026 10:00 AM	Document Download/Sale End Date	07-SEP-2026 06:00 AM
Bid Submission Start Date	06-AUG-2026 10:00 AM	Bid Submission End Date	07-SEP-2026 06:00 AM

नोट:-निविदा से संबधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

(पंकज ललित पालीवाल) अध्यक्ष न.पा.परिषद सारंगपुर जिला-राजगढ़, म.प्र.

(भावना निलेश वर्मा) उपाध्यक्ष न.पा.परिषद सारंगपुर जिला-राजगढ़, म.प्र.

(गोपाल पाल) सभापति निर्माण समिति न.पा.परिषद सारंगपुर जिला-राजगढ़, म.प्र.

(दीपक कुमार रानवे) मुख्य नगर पालिका अधिकारी न.पा.परिषद सारंगपुर जिला-राजगढ़, म.प्र.